कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ म.प्र.

जिला एवं सत्र न्यायालय राजगढ़ (म.प्र.) 465661

पत्र क. 1955 /पै.वालें./जिविसेप्रा/ /2026 राजगढ़, दिनांक 17/06/2026

प्रति,

श्रीमान् प्रभारी अधिकारी महोदय
नजारत अनुभाग
जिला न्यायालय, राजगढ़ (म.प्र.)

विषय :– पैरालीगल वालेन्टियर्स की भर्ती संबंधी विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप सूचना पटल पर चस्पा किये जाने के संबंध में।

––00––

श्रीमान महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा संचालित योजनाओं के कियान्वयन एवं सफल संचालन हेतु वर्ष 2026–27 हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स का चयन एवं नवीनीकरण किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि, उक्त भर्ती से संबंधित विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप, जिला न्यायालय, राजगढ़ के सूचना–पटल पर चस्पा करवाये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :– विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप।

(माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)

Sd/–
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजगढ़ (म.प्र.)

प्रतिलिपिः– सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, राजगढ़ म.प्र. की ओर जिला न्यायालय, राजगढ़ म.प्र. की अधिकृत बेवसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजगढ़ (म.प्र.)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ म.प्र.

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर राजगढ़ (म.प्र.) फो.नं. 07372–299033

Email:-secdlsarjg@mp.gov.in

क्रमांक /1887/ पीएलव्ही. / जिविसेप्रा / 2026, राजगढ़, दिनांक 16 .06.2026

पैरालीगल वालेटियर्स हेतु आवेदन आमंत्रित

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ म.प्र. द्वारा ग्रामों एवं जनपद पंचायतों में स्थापित किये जाने वाले लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों में समाज के कमजोर, पिछड़े तथा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह एवं गुमशुदा बच्चों को मदद करने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के कार्य योजनाओं के कियान्वयन के सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स का एक वर्ष के लिए चयन हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित हैः–

विशेष नोट :–

01. पैरालीगल वालेंटियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य हैं, यह **नौकरी नहीं** है। इसके लिए कोई **वेतन/मजदूरी देय नहीं** है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय–समय पर पैरालीगल वालेंटियर्स को निर्धारित **मानदेय मात्र** देय होगा।

02. आयु सीमा– किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह स्वस्थ्य हो और उसमें किसी भी प्रकार का ऐसा कोई शारीरिक दोष न हों, जो उसे कार्य करने लिए अक्षम बनाता है।

03. योग्यता –

01. न्यूनतम योग्यता कक्षा 12 वी उत्तीर्ण हो शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र स्वप्रमाणित छाया प्रति आवेदन के साथ आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

02. आवेदक के विरूद्व कोई आपराधिक प्रकरण लंबित ना हो और न ही आपराधिक प्रकरण में दोषी पाया गया/पायी गई हो। किसी राजनीतिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं हो एवं उसे दिवालिया घोषित नहीं किय गया हो।

04. निम्न समूह के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगीः–

01. शासकीय व अशासकीय विद्यालय व महाविद्यालय के शिक्षक एवं व्याख्याता या अध्यापकगण (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल है)।
02. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।
03. शासकीय/अशासकीय (प्रायवेट) चिकित्सक एवं अन्य कार्यरत् या रिटायर्ड शासकीय कर्मचारीगण।
04. राज्य एवं केंद्रीय शासन के विभिन्न विभागों और एजेंसियों के क्षेत्रीय/फील्ड अधिकारीगण।
05. स्टूडेंट और लॉ स्टूडेंट (**जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित न हो**)।

निरंतर.....02

06. अशासकीय संस्थाओं/क्लब के सदस्यगण।
07. महिला समूहों, मैत्रीसंघों, स्व–सहायता समूहों के सदस्यगण।
08. जेल में अच्छे व्यवहार और लंबी सजा प्राप्त कैदी (शिक्षित)।
09. सामाजिक कार्यकर्ता एवं वालेंटियर्स, पंचायत राज और नगर पालिका/निगम संस्थाओं के स्वैच्छिक कार्यकर्तागण।
10. सहकारी समितियों के सदस्यगण।
11. ट्रेड यूनियन के सदस्यगण।
12. ऐसे अन्य व्यक्ति जो समाज सेवा का कार्य करने के इच्छुक हो एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स के रूप में पहचाने/चयनित किये जायें।

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 30/06/2026 सायं 05:00 बजे तक** ।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर उसके साथ आवश्यक दस्तावेज एवं 02 पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न कर **दिनांक 30/06/2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़** में जमा किया जा सकेगा, इसके साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय राजगढ़ (म0प्र0) पिन कोड–465661 के पते पर आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से या डाक से प्रेषित किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए फोन. नं0 **07372–299033** पर भी संपर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में कार्य करने के इच्छुक आवेदकों को स्पष्ट रूप से आवेदन में कार्य क्षेत्र उल्लेखित करना होगा।

चयन प्रकिया :–

जिला मुख्यालय राजगढ़ म.प्र. में चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों में से अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ में किया जावेगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना दूरभाष, कार्यालय के सूचना पटल पर एवं समाचार पत्र के माध्यम से दी जायेगी। चयन कमेटी को किसी भी उम्मीदवार का आवेदन रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा और कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

02. जिला मुख्यालय राजगढ़ स्तर पर कार्य करने के इच्छुक आवेदक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, राजगढ़ म.प्र. में एवं तहसील स्तर पर कार्य करने वाले आवेदक संबंधित तहसील– ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने होंगे।

संलग्नः– आवेदन–पत्र 02 पृष्ठ

(माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

09-6-26

न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजगढ़ (म0प्र0)

आवेदन–पत्र

''पैरालीगल वालेन्टियर के रूप में चयन हेतु आवेदन–पत्र''

प्रति,

श्रीमान सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
राजगढ़ (म.प्र.)

सादर निवेदन है कि प्रार्थी/प्रार्थिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ द्वारा संचालित पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना से जुड़कर पैरालीगल वालेन्टियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मैं, विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वेच्छा अपना समय योगदान एंव सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूँ। मेरी व्यक्गित जानकारी इस प्रकार से है–

1. पूरा नाम : .....
2. पिता/पति का नाम : .....
3. उम्र, जाति एंव धर्म : .....
4. व्यवसाय (वर्तमान) : .....
5. प्राप्त शिक्षा एंव अन्य योग्यता : .....
6. वर्तमान कक्षा व महाविद्यालय : .....
7. सामाजिक कार्यानुभव : .....
8. विशिष्ट उपलब्धि एंव कार्य : .....
9. स्थायी निवास का पूरा पता :.....

जिला.....(म.प्र.) पिन –.....

10. पत्राचार का पूरा पता :.....जिला.....
..(म.प्र.) पिन –.....

11. दूरभाष नंबर/मोबाईल नंबर : मोबाईल नंबर...../.....

एसटीडी कोड.....दुरभाष.....

E-mailID:.....

12. कहा कार्य करने के इच्छुक है ? राजगढ़/तहसील ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, जीरापुर /तहसील .....

यह कि मैं जानता/जानती हूँ कि पैरालीगल वालेन्टियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है नौकरी नही है। मैं स्व–घोषणा करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरी विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य एंव विश्वास करने योग्य है।

सलंग्न :– 01. शैक्षणिक योग्यता परिचय–पत्र ।

02. आधार कार्ड ।

03. सामाजिक, कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र ।

04. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधिक प्रमाण–पत्र ।

05. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

06. अन्य प्रमाण–पत्र .....(म.प्र.)।

स्थान :– .....

दिनांक :– .....

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

आवेदन–पत्र

''पैरालीगल वालेन्टियर के रूप में चयन हेतु आवेदन–पत्र''

प्रति,

श्रीमान अध्यक्ष महोदय,
तहसील विधिक सेवा समिति,
तहसील– ..... जिला राजगढ़ (म.प्र.)

सादर निवेदन है कि प्रार्थी/प्रार्थिया तहसील विधिक सेवा समिति– .... जिला राजगढ़ म.प्र. द्वारा संचालित पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना से जुड़कर पैरालीगल वालेन्टियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मैं, विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वेच्छया अपना समय योगदान एंव सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूँ। मेरी व्यक्गित जानकारी इस प्रकार से है–

1. पूरा नाम : .....
2. पिता/पति का नाम : .....
3. उम्र, जाति एंव धर्म : .....
4. व्यवसाय (वर्तमान) : .....
5. प्राप्त शिक्षा एंव अन्य योग्यता : .....
6. वर्तमान कक्षा व महाविद्यालय : .....
7. सामाजिक कार्यानुभव : .....
8. विशिष्ट उपलब्धि एंव कार्य : .....
9. स्थायी निवास का पूरा पता :.....

जिला.....(म.प्र.) पिन –.....

10. पत्राचार का पूरा पता :.....जिला..... ..(म.प्र.) पिन –.....
11. दूरभाष नंबर/मोबाईल नंबर : मोबाईल नंबर...../.....

एसटीडी कोड.....दुरभाष.....

E-mailID:.....

12. कहा कार्य करने के इच्छुक है ? राजगढ़/तहसील ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, जीरापुर /तहसील .....

यह कि मैं जानता/जानती हूँ कि पैरालीगल वालेन्टियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है नौकरी नही है। मैं स्व–घोषणा करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरी विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य एंव विश्वास करने योग्य है।

सलंग्न :– 01. शैक्षणिक योग्यता परिचय–पत्र ।

02. आधार कार्ड ।

03. सामाजिक, कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र ।

04. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधिक प्रमाण–पत्र ।

05. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

06. अन्य प्रमाण–पत्र .....(म.प्र.)।

स्थान :– .....

दिनांक :– .....

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर